भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2022

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

2022. श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल:
श्री खगेन मुर्मु:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस वर्ष के प्रारंभ में मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ख) ऐसे प्रयासों के परिणाम का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): मानवता की सेवा में योग के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से दिनांक 21 जून, 2024 को विश्व भर में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया गया था। इस वर्ष के आईडीवाई का विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' था। पूरे भारत में अनेक आईडीवाई काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, मुख्य रूप से, नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 100-दिवसीय आईडीवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था, पुणे, महाराष्ट्र में 75-दिवसीय आईडीवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था, सूरत, गुजरात में 50-दिवसीय आईडीवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था, और बोधगया, बिहार में 25-दिवसीय आईडीवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में हुआ और इसका नेतृत्व माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया था। विदेशों में भारतीय मिशनों ने भी कई आईडीवाई कार्यक्रम आयोजित किए।

आयुष मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, योग पोर्टल, भुवन योग एप्लिकेशन और यूट्यूब, फेसबुक, एक्स तथा इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर सोशल मीडिया अकाउंटों सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग किया, ताकि विभिन्न प्रकार की सामग्री का उपभोग करने वाले व्यापक दर्शकों तक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से पहुँचा जा सके। माई जीओवी, माई भारत और योग पोर्टल पर योग विद फैमिली वीडियो प्रतियोगिता, योग टेक चैलेंज, आईडीवाई क्विज़, प्रधानमंत्री योग पुरस्कार और आईडीवाई प्रतिज्ञा जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। मंत्रालय ने आईडीवाई और योग को बढ़ावा देने के लिए भुवन ऐप, नमस्ते योग ऐप और वाई-ब्रेक ऐप का भी व्यापक रूप से उपयोग किया। इन गतिविधियों और की गई पहलों का विवरण योग पोर्टल https://yoga.ayush.gov.in/ पर उपलब्ध है।

आयुष मंत्रालय ने 21 जून को राष्ट्रव्यापी प्रचार और नागरिकों को व्यापक रूप से संगठित करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक विशेष प्रयोजन साधन, कॉमन सर्विस सेंटर, के साथ भागीदारी की। इसरो के सहयोग से अंतरिक्ष के लिए योग पहल भी शुरू की गई। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया, जिससे दुनिया भर में योग का संदेश फैला। यह भी देखा गया है कि प्रत्येक वर्ष विविध पृष्ठभूमि से अधिक से अधिक लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल हो रहे हैं।

*****